पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से मिले मुख्यमंत्री
दीपावली की दी बधाई

लखनऊः 20 अक्टूबर, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज राजभवन में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिलकर दीपावली की बधाई का आदान-प्रदान किया। राज्यपाल के परिवार में उनकी पत्नी श्रीमती कुंदा नाईक, पुत्रियाँ डाॅ0 निशिगंधा एवं श्रीमती विशाखा कुलकर्णी व नाती शार्दुल कुलकर्णी ने भी मुख्यमंत्री को दीपावली की बधाई दी। भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को अयोध्या के दीपोत्सव समारोह में सम्मिलित होने के लिए धन्यवाद दिया तथा अपने चित्रकूट व आगरा दौरे की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार के समन्वय से राज्य सरकार ने रामायण सर्किट चित्रकूट एवं आगरा के विकास के लिए रोडमैप तैयार किया है।

अंजुम/ललित/राजभवन (404/24)